प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 19.12.2024 समय : 09:00 ए.एम.

.........................

- प्रदेशभर में आज से सुशासन सप्ताह के तहत **प्रशासन गांवों की ओर अभियान** चलाया जायेगा।
- राज्य में अगले शिक्षण सत्र से 9 जिलों में स्थानीय भाषा में पढ़ाई शुरू होगी।
- जैसलमेर में जीएसटी काउंसिल की बैठक 21 दिसम्बर को–कल केन्द्र और प्रदेशों के वित्त विभाग के आला अधिकारी प्री बजट पर चर्चा करेंगे।
- चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा–बड़े अस्पतालों में रोगियों को कतारों से मुक्ति के लिए तकनीकी नवाचारों पर जोर दिया जा रहा है।

.........................

प्रदेशभर में आज से सुशासन सप्ताह मनाया जायेगा। इसके तहत प्रशासन गांवों की ओर अभियान 2024 चलाया जायेगा। 24 दिसम्बर तक चलने वाले इस अभियान के दौरान पंचायत समिति मुख्यालयों पर शिविर लगाये जायेंगे, जिससे लोगों की शिकायतों का निस्तारण किया जा सके। अभियान का उद्देश्य केन्द्र और राज्य सरकार के विभागों की सक्रिय भागीदारी और समर्थन से सुशासन को बढावा देना है। केकडी जिला कलेक्टर श्वेता चौहान ने बताया कि कार्यक्रमों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये है। जैसलमेर, बारां, सवाईमाधोपुर सहित सभी जिलों में अभियान के लिए तैयारियां सुनिश्चित की गई है। पाली से हमारे संवाददाता ने बताया कि अभियान के तहत उपखण्ड स्तर पर विशेष शिविर लगाये जायेंगे।

.........................

गौरतलब है कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष उनका जन्म शताब्दी वर्ष है। इस उपलक्ष्य में आयोजित किये जा रहे गुड गर्वनेंस वीक के तहत जनशिकायतों के निस्तारण और विभिन्न विभागों की ओर से दी जा रही सेवाओं की तत्काल प्रदायगी सुनिश्चित की जायेगी।

.........................

गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कांग्रेस के धरना प्रदर्शन के खिलाफ़ पलटवार किया है। श्री बेढम ने कल जयपुर में कहा कि कांग्रेस का प्रदर्शन सिर्फ दिखावा है। भाजपा सरकार ने हर वर्ग के लोगों को राहत देने की कोशिश की है। आज राजस्थान विकास की गति पर बढ़ रहा है। विभिन्न क्षेत्रों के देशी विदेशी निवेशक प्रदेश में आ रहे है। इसके साथ ही पानी की समस्या के हल के लिए भी प्रयास किये गये है। विपक्ष को प्रदेश के विकास में सहयोग करना चाहिए। श्री बेढम ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेसी आपस की लडाई सडक पर ले आये हैं।

.........................

गौरतलब है कि कांग्रेस की ओर से विभिन्न मुद्दों को लेकर कल जयपुर में शहीद स्मारक पर धरना प्रदर्शन किया गया।

.........................

प्रदेश में अगले शिक्षण सत्र से 9 जिलों में स्थानीय भाषा में पढाई शुरू हो जायेगी। **राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020** के प्रदेश में लागू होने के बाद इसके लिए **राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद** ने पाठ्यक्रम तैयार कर लिया है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कल जयपुर में आयोजित परिषद की सेमिनार में ये जानकारी दी। संगोष्ठी ''स्थानीय भाषा आधारित बाल साहित्य और शिक्षा सामग्री तथा बुनियादी साक्षरता के नवाचार'' विषय पर हुई। सेमिनार को संबोधित करते हुए श्री

दिलावर ने कहा कि वर्तमान में दो जिलों सिरोही और डूंगरपुर में पायलट कार्यक्रम के रूप में बहुभाषी शिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। अगले सत्र से इसे 9 जिलों की बाल वाटिकाओं में चलाया जाएगा। साथ ही सत्र 2026 से ये कार्यक्रम प्रदेश के 25 जिलों में संचालित किया जाना प्रस्तावित है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि बच्चे स्थानीय भाषा में जल्दी सीखते हैं। पाठ्यक्रम और शुरुआती वर्षों में शिक्षण कार्य स्थानीय भाषा में ही होना चाहिए जिससे कि बच्चे आसानी से स्कूल की भाषा को सीख पाए।

..........................

जैसलमेर में जीएसटी काउंसिल की बैठक की तैयारियां की जा रही है। ये बैठक 21 दिसम्बर को होगी। बैठक में केंद्रीय वित्त मंत्री के साथ ही सभी राज्यों के वित मंत्री और केन्द्र सरकार से वित विभाग की टीम शिरकत करेगी। जिला कलेक्टर प्रताप सिंह ने बताया कि बैठक के बेहतर आयोजन और प्रबंधन के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। बैठक से पहले कल केंद्र और प्रदेशों के वित्त विभाग के आला अधिकारी प्री बजट पर चर्चा करेंगे।

..........................

चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा है कि राज्य सरकार गांव और ढाणियों तक चिकित्सा सेवाओं को मजबूत कर रही है। चिकित्सा मंत्री कल जयपुर जिले के रामपुरा डाबड़ी गांव में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास समारोह में बोल रहे थे। इस अवसर पर चिकित्सा मंत्री ने उपखण्ड और तहसील कार्यालय, नये ग्राम पंचायत भवन, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, राजकीय महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का लोकार्पण किया। वहीं स्वास्थ्य भवन में चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में चिकित्सा मंत्री ने कहा कि राजस्थान को मेडिकल एजुकेशन और स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता की दृष्टि से मॉडल स्टेट के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस दिशा में चिकित्सा शिक्षा विभाग विभिन्न मेडिकल कॉलेज, मारवाड़ मेडिकल यूनिवर्सिटी सहित अन्य परियोजनाओं के कामो को समय सीमा में पूरा करे।
श्री खींवसर ने आरयूएचएस अस्पताल का पूरा उपयोग करने की बात कही, जिससे एसएमएस अस्पताल पर मरीज भार कम हो सकेगा। श्री खींवसर ने कहा कि सभी बड़े अस्पतालों में रोगियों को कतारों से मुक्ति दिलाने के लिए तकनीकी नवाचारों को जल्द लागू किया जाए।

..........................

प्रदेश में सर्द हवाओं ने ठिठुरन और गलन बढा दी है। कोहरे के कारण कई स्थानों पर यातायात प्रभावित है। हनुमानगढ़, सीकर, चूरू, करौली, पिलानी, अजमेर, सवाईमाधोपुर सहित कई स्थान शीतलहर की चपेट में है। जैसलमेर में दिनभर सर्द हवाओं से जनजीवन प्रभावित रहा।
साथ ही कोहरे का भी असर रहा। वहीं भरतपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि कडाके की ठण्ड और कोहरे से लोग बेहाल है।

..........................

मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार फिलहाल कई स्थानों पर शीतलहर जारी रहेगी। वहीं आज सीकर और चूरू में अतिशीतलहर की चेतावनी है।

..........................